राजस्थान पत्रिका, पृष्ठ नं : ०५, दिनांक : ०९.१२.२०२३

मुख्यमंत्री ने मेट्रो रेल फेज-2 के मोटेरा-गांधीनगर रूट का किया निरीक्षण

पत्रिका
पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

गांधीनगर. मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार सुबह मेट्रो रेल फेज-2, मोटेरा से गांधीनगर के रूट पर सी-2 प्रोजेक्ट के साढ़े छह किलोमीटर लंबे मार्ग पर निर्माणाधीन रेल रूट और स्टेशनों के विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री के साथ मुख्य सचिव राज कुमार, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव के. कैलाशनाथन, मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार डॉ. हसमुख अढिया और मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के चेयरमैन तथा मुख्यमंत्री के सलाहकार एस.एस. राठौर एवं वरिष्ठ सचिव मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने इस रूट के भाईजीपुरा से च-2 के बीच धोळाकुवा, रांदेसण और गिफ्ट सिटी सहित अन्य क्षेत्रों का स्थल दौरा कर वहां चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी हासिल की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने विसत से नर्मदा कैनाल होते हुए कोबा सर्कल के रूट पर चल रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया और तकनीकी जानकारी हासिल की।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मोटेरा से गांधीनगर तक मेट्रो फेज 2 का निरीक्षण किया।